**प्रेस नोट**
**दिनांक 15.06.2026**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा पुलिस उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2025 के अन्तर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) हेतु की गयी तैयारियों का किया गया निरीक्षण, सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-**

गोण्डा। आज दिनांक 15.06.2026 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा **पुलिस उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2025** के अन्तर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण(डीवी/पीएसटी) हेतु पुलिस लाइन में बनाए गए बोर्ड का निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा अभ्यर्थियों के प्रवेश द्वार, बायोमैट्रिक स्थल, अभ्यार्थियों के होल्डिंग एरिया/बैठने के स्थान व डीवी/पीएसटी स्थल पर लगाए गए सी0सी0टी0वी0 कैमरों की स्थिति को चेक सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा कार्यदायी संस्था (परीक्षण संचालन/सुरक्षा) के अधिकारियों को डीवी/पीएसटी की जो नियम एवं शर्ते है, उनके अनुरूप ही सभी अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण किए जाने तथा किसी भी प्रकार की कोई अनियमिता न होने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को उनके कर्तब्यों के प्रति सतर्क और जिम्मेदार रहने हेतु निर्देशित किया गया।
**पुलिस उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2025** की लिखित परीक्षा के आधार पर चयन के अगले चरण में अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु अर्ह अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा जनपद गोण्डा में दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 16.06.2026 तक होना प्रस्तावित है। जिसमें कुल 134 अभ्यर्थी (15 महिला व 119 पुरुष) प्रतिभाग करेंगे। उक्त कार्यवाही प्रतिदिन प्रातः 09.15 से प्रारम्भ होकर कार्य समाप्त होने तक संपादित की जाएगी। उक्त कार्यवाही के दौरान अभ्यार्थियों द्वारा की गयी आपत्तियों का परीक्षण एवं उस पर निर्णय की कार्यवाही सायंकाल 15:00 बजे से नोडल अधिकारी/अपीलीय अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। डीवी/पीएसटी स्थल की लगातार सी0सी0टी0वी0 कैमरों से निगरानी की जाएगी। भर्ती की सुचिता बनाए रखने के लिए गोपनीय और ओपनली दोनो प्रकार की टीमें सक्रिय कर दी गई हैं।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 15.06.2026, थाना -कोतवाली नगर**
**जनपद- गोण्डा।**

## थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अवैध तमंचा व चोरी का मोबाइल फोन के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री अजीत कुमार रजक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अभियुक्त पवन कुमार गुप्ता उर्फ गिल्ली पुत्र स्व0 जगराम गुप्ता निवासी बुधईपुरवा पूरे शिवा बख्तावर थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा को रेलवे क्रासिंग सोनी गुमटी पुल के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा मय 01 अदद जिन्दा कारतूस व चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 15.06.2026 को थाना कटराबाजार के उ0नि0 प्रशान्त कुमार मय हमराह पुलिस बल के साथ तलाश वांछित अभि0/ संदिग्ध वस्तुओं की तलाशी हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील थे। दौरान गश्त मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त पवन कुमार गुप्ता उर्फ गिल्ली पुत्र स्व0 जगराम गुप्ता निवासी बुधईपुरवा पूरे शिवा बख्तावर थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा को रेलवे क्रासिंग सोनी गुमटी पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

01. पवन कुमार गुप्ता उर्फ गिल्ली पुत्र स्व0 जगराम गुप्ता निवासी बुधईपुरवा पूरे शिवा बख्तावर थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद
02. चोरी का 01 अदद मोबाइल फोन
03. 165/- रू0 नेपाली व 500/- रू0 भारतीय बरामद

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0स0-553/2026, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 317(2) बीएनएस थाना कोतवली नगर जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ0नि0 प्रशान्त कुमार
02. का0 अमित यादव
03. का0 मदन त्रिवेदी
04. रि0का0 उत्कर्ष पाण्डेय
05. रि0का0 शशिकान्त

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**जनपद गोण्डा**
**दिनांक 15.06.2026**

## थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा करीब 2 लाख 15 हजार रुपये कीमत के 10 गुम/खोए हुए एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद कर स्वामियों को किए गए सुपुर्द-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद में गुम एवं खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना नवाबगंज पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। भारत सरकार द्वारा विकसित एवं उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित सीईआईआर  पोर्टल की नियमित समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकों/थानाध्यक्षों को अधिकाधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के कुशल पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना नवाबगंज की टीम द्वारा सर्विलांस सेल के सहयोग से सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का प्रभावी निस्तारण करते हुए थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से गुम/खोए हुए 10 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए।  आज दिनांक 15.06.2026 को बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए गए। अपने खोए हुए मोबाइल फोन वापस प्राप्त कर मोबाइल स्वामियों के चेहरे खुशी से खिल उठे तथा उन्होंने गोण्डा पुलिस एवं थाना नवाबगंज पुलिस की कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बरामदगी का विवरण-

10 अदद एंड्रॉयड मोबाइल फोन
अनुमानित कुल कीमत लगभग ₹2,15,000/-

### बरामद कर्ता पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्री अभय सिंह थाना नवाबगंज
2. कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी देवेन्द्र यादव
3. म0का0 निधि सिंह
4. का0 अखिलेश यादव
5. का0 मनीष कुमार
06. का0 अभय द्विवेदी

**मीडिया सेल,  गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 15.06.2026**

## थाना परसपुर पुलिस द्वारा जानलेवा हमला करने के 01 आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

**कार्यवाहीः-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज श्री विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना परसपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-265/2026, धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3), 109(1), 190 बीएनएस से सम्बन्धित 01 आरोपी अभियुक्त-01. राहुल कश्यप पुत्र शिव बहादुर कश्यप नि0ग्राम नया पुरवा मौजा बसन्तपुर थाना परसपुर, जनपद गोण्डा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

वादी हीरालाल मिश्रा पुत्र भगौती प्रसाद  ग्राम बधईपुरवा परेटा थाना परसपुर जिला गोण्डा द्वारा थाना परसपुर में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 12.06.2026 को करीब दिन में 12.30 बजे उनका लड़का व भतीजा मोटरसाइकिल लेकर पचईपुरवा चौराहे के पास पहुचा की सामने से विपक्षीगण पुरानी रंजीश को लेकर जान से माने की नियत से लाठी डन्डा से उसके लड़के व भतीजे को सर पर मारे है जिससे काफी चोटे आयी है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना परसपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें थाना परसपुर पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त 01 आरोपी अभियुक्त- 01. राहुल कश्यप पुत्र शिव बहादुर कश्यप नि0ग्राम नया पुरवा मौजा बसन्तपुर थाना परसपुर, जनपद गोण्डा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना परसपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

01. राहुल कश्यप पुत्र शिव बहादुर कश्यप नि0ग्राम नया पुरवा मौजा बसन्तपुर थाना परसपुर, जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0-265/2026, धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3), 109(1), 190 बीएनएस थाना परसपुर जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ0नि0 श्री कौशल किशोर
02. का0 निशान्त सिंह
03. का0 राहुल कुमार

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 15.06.2026**

**जनपद गोण्डा।**

## वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान एवं सहायता के लिए गोण्डा पुलिस की विशेष पहल, घर-घर पहुंचकर सुनी जा रही समस्याएं एवं किया जा रहा त्वरित निस्तारण

गोण्डा। अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन, गोरखपुर द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में जनपद गोण्डा पुलिस द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान, सहायता एवं उनके साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से विशेष कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान प्रारम्भकिया गया है। वर्तमान सामाजिक परिवेश को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में निवास करने वाले 70 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हीकरण कर उनका विवरण संकलित किया जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक थाने की कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट बनायी गयी है जो नियमित रूप से वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुरक्षा संबंधी चिंताओं की जानकारी प्राप्त करेगी। अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों का 02 विशेष वरिष्ठ नागरिक रजिस्टर तैयार किया गया है, जिसमें उनका नाम, पता, मोबाइल नंबर, आयु, स्वास्थ्य एवं सामाजिक स्थिति सहित संपर्क से संबंधित आवश्यक विवरण अंकित किया जाएगा। सीपीयू टीम द्वारा प्रत्येक सप्ताह निर्धारित दिवसों (सोमवार, बुधवार, शानिवार) पर वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क स्थापित कर उनकी कुशलक्षेम जानी जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं सी०पी०यू० टीमों को निर्देशित किया है कि वे वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार अपनाते हुए नियमित संवाद स्थापित करें तथा उनकी समस्याओं के समाधान हेतु प्रभावी कार्रवाई करें।

उक्त अभियान के क्रम में दिनांक 13.06.2026 से आज तक सीपीयू टीम द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 120 वरिष्ठ नागरिकों से उनके आवास पर पहुंचकर संपर्क स्थापित किया गया। इनमें थाना कोतवाली नगर के 11, कोतवाली देहात के 09, खरगूपुर के 04, इटियाथोक के 10, धानेपुर के 16, मोतीगंज के 07, मनकापुर के 09, छपिया के 06, खोड़ारे के 13, तरबगंज के 05, उमरीबेगमगंज के 05, वजीरगंज के 02, नवाबगंज के 07, कर्नलगंज के 08, कौड़िया के 04 तथा परसपुर के 04 वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। संपर्क अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का कुशलक्षेम जाना गया, तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त करने हेतु जागरूक किया गया। गोण्डा पुलिस की इस जनहितकारी एवं संवेदनशील पहल की वरिष्ठ नागरिकों द्वारा सराहना की गई तथा उन्होंने पुलिस के प्रति अपना विश्वास एवं संतोष व्यक्त किया।

मीडिया सेल, गोण्डा